Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 11 मार्च, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-11-march-2020

हॉकी इंडिया सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह और महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल को तीसरे हॉकी इंडिया वार्षिक पुरस्कार में वर्ष 2019 के लिये सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है, जबकि तीन बार के ओलंपियन हरविंदर सिंह को लाइफ टाइम अचीवमेंट सम्मान प्रदान किया गया। मनप्रीत सिंह और रानी रामपाल को इन पुरस्कारों के तहत 25-25 लाख रुपए की पुरस्कार राशि भी प्रदान की गई। हॉकी इंडिया ने रानी रामपाल को वर्ल्ड गेम्स एथलीट ऑफ द ईयर 2019 बनने के लिये दस लाख रुपए की राशि भी प्रदान की। जबकि हरविंदर सिंह को 30 लाख रुपए प्रदान किये गए। ध्यातव्य है कि प्रसिद्ध खिलाड़ी हरविंदर सिंह ने अपने कॅरियर में एक ओलंपिक स्वर्ण और दो ओलंपिक कांस्य पदक के अलावा एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक भी जीता है।

बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा

बांग्लादेश का राष्ट्रीय नारा अब 'जॉय बांग्ला' होगा। यह फैसला बांग्लादेश के उच्च न्यायालय ने लिया है। उच्च न्यायालय के दो न्यायाधीशों की खंडपीठ ने इस संबंध में सभी संवैधानिक पदों पर कार्यरत लोगों और राज्य के अधिकारियों को राष्ट्रीय दिवस तथा अन्य उचित अवसरों पर भाषण के अंत में 'जॉय बांग्ला' कहने के लिये उचित कदम उठाने को कहा है। साथ ही अधिकारियों से अध्यापकों और छात्रों को सभा के बाद 'जॉय बांग्ला' नारा बोलना सुनिश्चित करने को भी कहा गया है। विदित है कि 'जॉय बांग्ला' वर्ष 1971 में पाकिस्तान से बांग्लादेश की स्वतंत्रता के दौरान प्रमुख नारा था। बांग्लादेश के प्रथम राष्ट्रपति शेख मुजीबुर रहमान ने भी 7 मार्च, 1971 को बांग्लादेश की स्वतंत्रता के उद्घोष के बाद 'जॉय बांग्ला' के नारे का प्रयोग किया था।

'विज्ञान ज्योति' पहल

8 मार्च, 2020 को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अधीन प्रौद्योगिकी सूचना पूर्वानुमान व मूल्यांकन परिषद (TIFAC) ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर 'विज्ञान ज्योति' पहल को लॉन्च किया है। 'विज्ञान ज्योति' पहल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को विज्ञान को अपने भविष्य के रूप में चुनने के लिये प्रोत्साहित करना और STEM शिक्षा को बढ़ावा देना है। इस पहल के तहत चयनित महिलाओं को देश के NITs, IITs और अन्य प्रमुख संस्थानों में आयोजित होने वाले विज्ञान शिविरों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाएगा। STEM का पूर्ण स्वरूप विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित (Science, Technology, Engineering, Mathematics) है।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल

प्रत्येक वर्ष 10 मार्च को केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (Central Industrial Security Force-CISF) का स्थापना दिवस मनाया जाता है। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल गृह मंत्रालय के तहत कार्य करता है। इसकी स्थापना वर्ष 1969 में CISF अधिनियम, 1968 के तहत की गई थी। यह एक अर्द्धसैनिक बल है, जिसका कार्य सरकारी कारखानों एवं अन्य सरकारी उपक्रमों को सुरक्षा प्रदान करना है। यह देश के विभिन्न महत्त्वपूर्ण संस्थानों की भी सुरक्षा करता है। इस बल के जवानों की संख्या लगभग 1.50 लाख है।